भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4982

01 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

छावनी क्षेत्रों में नागरिकों का कथित शोषण

4982. श्री गोपाल शेट्टी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में छावनी क्षेत्रों में रक्षा अधिकारियों द्वारा नागरिकों के कथित उत्पीड़न और शोषण के मामले सरकार के संज्ञान में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है /किए जाने का प्रस्ताव है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): छावनी क्षेत्रों में रक्षा अधिकारियों द्वारा नागरिकों के शोषण का कोई मामला सरकार के संज्ञान में नहीं आया है । तथापि, सिकंदराबाद (तेलंगाना), दानापुर (बिहार), काम्पटी (महाराष्ट्र), बेलगाम (कर्नाटक), सौगोर (मध्य प्रदेश) और जालंधर (पंजाब) जैसे कुछ छावनी क्षेत्रों में निवासियों से स्थानीय सैन्य प्राधिकारियों द्वारा सड़क बंद करने के कारण हुई असुविधा से संबंधित कुछ संदर्भ/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं । इस संबंध में रक्षा मंत्रालय ने दिनांक 04.09.2018 के पत्र के माध्यम से सभी संबंधित प्राधिकारियों को अनुपालन हेतु विस्तृत अनुदेश जारी किए हैं ।

*****